# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

## FIRST TERM TEST – 2018

**Sub: Hindi (F.L.)** **Class: 11 A2,B** **F. M. 80**

**Duration: 3 .15 hrs** **Date:25.7.2018**

*Special credit will be given for answers which are brief and to the point. Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.*

### GROUP A

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखें। खंड क,खतथा ग के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**(1X20=20)**

खण्ड 'क ' (गद्य) (1X9)

1. लेखक का लड़का किस प्रकार की कविताएँ लिखता है?

i.छायावाद की ii.संकट काल की iii.संकट बोध की iv.कलिकाल की।

2. 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' एक _____ निबंध है।

i.सांस्कृतिक ii.साहित्यिक iii.संस्मरणात्मक iv.ललित।

3. लेखक भूखा रहा क्योंकि अनाज ------ रूपए सेर था।

i. नौ रूपए ii.दस रुपए iii.बारह रूपए iv.ग्यारह रुपए।

4.सोनारी किन राजाओं की राजधानी रही हैं ?

i.सहोम ii.अहोम iii.विहोम iv.अघोम।

5. लेखक को जलाने के कितने दिनों बाद संसद में प्रश्नोत्तर हुए?

i.नौ दिन ii.दस दिन iii.साल भर बाद iv.पन्द्रह दिन।

6. कवि की अधूरी कविता 'आज़ादी' में कितनी लाइनें हैं ?

i. तीस ii.पैंतीस iii.चालीस iv.पैंतालीस।

7. 'लोहित्य' क्या है ?

i. ब्रह्मपुत्र ii.हिरणों का समूह iii.ब्रह्मपुत्र का संस्कृत नाम iv.लाल रंग का सूरज।

8. शिवसागर से डिब्रू गढ़ कितनी दूर था ?

i. एक सौ सत्ताईस ii. एक सौ अठ्ठाइस iii.एक सौ तीस iv.एक सौ पैंतीस।

9. 'ये किताबें किसने नाली में फेंक दीं'--- कथन का वक्ता कौन है?

i. ई.बातून ii.कवि iii.नौकर iv.दाई।

**खंड 'ख'** (काव्य) (1X6)

1. सूरदास के गुरु कौन हैं ?

i. रामानंद ii.बल्लभाचार्य iii.बिट्ठल आचार्य iv.आदिनाथ ।

2. 'देख तुही छींके दधि माखन' - अंश में 'छींके' का अर्थ है ---?

i. सींक से बना हुआ बर्तन ii.छींक आना iii.जूट से बनी डोरी iv.कोई नहीं ।

3.सूरदास के वर्णन में कौन सी विशेषता नहीं है ?

i. भक्ति ii.विनय iii.श्रृंगार iv.यथार्थता ।

4. उद्धव जी किस भक्तिधारा से सम्बंधित हैं ?

i.निर्गुण प्रेममार्गी ii.निर्गुण ज्ञानमार्गी iii.सगुण मार्गी iv.कृष्ण मार्गी

5.सूरदास का 'भ्रमरगीत' भागवत के कौन से अध्याय पर आधारित है?

i.पाँचवे ii. नौवें iii. दसवें iv.अट्ठारवें ।

6. 'सूरदास जसुमत कौ सुख, सिव बिरंच मुख गायो' में 'बिरंच' कौन हैं ?

i. विष्णु ii.ब्रम्हा iii.भक्त जन iv. ऋषि- मुनि।

**'खंड 'ग'-- (साहित्य का इतिहास) (1X5)**

1. राजस्थानी भाषा का परिमार्जित साहित्यिक रूप कहलाता है ----

i. पिंगल ii.डिंगल iii.अपभ्रंश iv.ये सभी ।

2. हिंदी साहित्य का सर्वप्रथम इतिहास कौन-सी भाषा में रचित है ?

i. अंग्रेजी ii.हिंदी iii.फ्रांसीसीiv.अपभ्रंश ।

3. आदिकाल को वीरगाथा काल नाम किसने दिया?

i.हजारी प्रसाद द्विवेदी ii.रामचंद्र शुक्ल iii.डा.रामकुमार वर्मा iii.जायसी ।

4. निम्न में से कौन-सी भाषा अपभ्रंश नहीं है?

i. शौरसेनी ii.मागधी iii.अर्धमागधी iv.अवधी ।

5.कवि स्वम्भू का सम्बन्ध कौन-से साहित्य से है ?

i. नाथ ii.जैन iii.अपभ्रंश iv.सिद्ध ।

**2. (i)किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए (अधिकतम 30 शब्दों में) :-- (2X3=6)**

क.'आप समझे कि भूगोल की तरफ प्रवृति होगी - नहीं,सो बात नहीं' --(i)अंश के लेखक का नाम लिखिए (ii) अंश में लेखक ने अपनी कौन-सी प्रवृति की ओर संकेत किया है?

ख. 'तुम्हारे कहे जाने वाले कोई भी हो सकते हैं' (i)अंश किस पाठ से उद्धृत है? (ii) अंश का सप्रसंग आशय स्पष्ट कीजिए ।

* ग. 'यह दीवार क्या मेरी बनाई हुई है?(i)'दीवार' शब्द से क्या आशय है? (ii)अंश का सप्रसंग भाव स्पष्ट कीजिए ।

घ. 'हम कहत हैं कि बाहर कुछ हुई गवा' ----

(i) वक्ता कौन-सी भाषा में बोल रहा है?(ii) 'कुछ हुई गवा' से क्या संकेतित है और पाठ में वक्ता क्या महत्व है ? स्पष्ट कीजिए ।

**(ii)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:--(2X2=4)**

क. 'बिरह वियोग स्याम सुन्दर के, ठाड़े क्यों न जरे'– (क) अंश किस भाषा में रचित है? (ख) अंश में निहित भाव स्पष्ट कीजिए ।

ख. 'कहा करौं इस रिसी के मारें,खेलन हौं नहिं जात' -(i) कौन खेलने में असमर्थ है और क्यों ?(ii) अंश में निहित भाव की व्याख्या कीजिए ।

## *GROUP B*

**3. निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों में लिखिए :-- (5X3=15)**

क. 'हठ धर्मी का अपना अनूठा रस होता है' ---कथन के आधार पर लेखक के व्यक्तित्व और उनके दर्शन की समीक्षा कीजिए ।

ख. 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' निबंध के शीर्षक की सार्थकता पर prakash डालिए।

ग. 'आज़ादी की नीद' एकांकी में किस समस्या को उठाया गया है?

घ. मैं नर्क से बोल रहा हूँ' कहानी का उद्देश्य लिखिए।

**4. किसी एक खंड के दोनों प्रश्नों के उत्तर दीजिये -(अधिकतम 150 शब्दों में) (5X2=10)**

**<u>खंड 'क'</u>**

क.पठित अंशों के आधार पर सूरदास के बाल वर्णन की विशेषताओं को लिखिए ।

ख. निम्न पद्यांश का सन्दर्भ, प्रसंग सहित भाव सौन्दर्य प्रस्तुत कीजिए ।

"उधौ मन नहिं हाथ हमारैं
रथ चढ़ाई हरी संग गए लै, मथुरा जबहिं सिधारे
नातरु कहा जोग हम छांडहिं अति रुचि कै तुम ल्याए
हम तो झंखती स्याम की करनी, मन लै जोग पठाए ।"

## *GROUP C*

**5.निम्न प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिये--(अधिकतम 200 शब्दों में) (5X1=5)**

क. वीरगाथा काल की प्रवृतियों का वर्णन कीजिए ।

ख. हिंदी भाषा के उद्भव और विकास पर एक आलेख लिखिए।

**6.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-- (2X5=10)**

क. उपसर्ग पृथक कीजिए -- अतिथियों, दुर्निवार ।

ख. वचन बदलिए -- रथ, कल्पना ।

ग. वाक्य प्रयोग द्वारा लिंग निर्धारण कीजिए -- निराशा, इरादा ।

घ. मूल शब्द और प्रत्यय पृथक कीजिए - भारतीयता, मिठास ।

ड. शुद्ध करके लिखिए -

i. सौनारी एक छोटे-सा गांव है ?

ii मैंने कितने बार और कितनी तरीके से कह चुका हूँ ।

**7. किसी एक विषय पर 350 शब्दों में निबंध लिखो :--** **(10X1=10)**

क. विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास ।

ख. शिक्षा का उद्देश्य और आधुनिक शिक्षा व्यवस्था ।

ग. जीवन स्वयं को खोजना नहीं बल्कि स्वयं को रचना है ।

घ. विद्यार्थी की आत्मकथा ।

***

Poonam Pathak
26/7/18

FOR GOD AND COUNTRY

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

## FIRST TERM TEST – 2018

**Sub: Hindi (F.L.)** **Class: 11 A2,B** **F. M. 80**

**Duration: 3 .15 hrs** **SOLUTION** **Date: 25.7.2018**

*Special credit will be given for answers which are brief and to the point. Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.*

***GROUP A***

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखें। खंड क,ख तथा ग के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(1X20=20) खण्ड 'क ' (गद्य) (1X9)

1. iii.संकट बोध की
2. iv.ललित
3. ii.दस रुपए
4. ii.अहोम
5. ii.दस दिन
6. iv.पैंतालीस
7. iii.ब्रहमपुत्र का संस्कृत नाम
8. ii. एक सौ अट्ठाइस
9. iv.दाई ।

**खंड 'ख' (काव्य)** (1X6)

1. ii.बल्लभाचार्य
2. iii.जूट से बनी डोरी
3. iv.यथार्थता ।
4. ii.निर्गुण ज्ञानमार्गी
5. iii. दसवें

6.ii. ब्रम्हा

**'खंड 'ग' -- (साहित्य का इतिहास)** (1X5)

1. ii.डिंगल

2 iii.फ्रांसीसी

3. ii.रामचंद्र शुक्ल
4. iv.अवधी
5. ii.जैन

**2. (i) किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए (अधिकतम 30 शब्दों में) :--** (2X3=6)

क. लेखक अज्ञेय के इस प्रकार कहने का आशय यही है कि उनके नक़्शे देखने के शौक को भूगोल विषय के साथ जोड़ कर न समझा जाये . (ii) लेखक ने अपनी 'घुम्मकड़' प्रवृत्ति की ओर संकेत किया है .

ख. 'तुम्हारे कहे जाने वाले कोई भी हो सकते हैं' (i) पाठ -मेरे राम का मुकुट भीग रहा है (ii) लेखक विद्यानिवास मिश्र जी का पुत्र और उनके मित्र की कन्या देर रात दो बजे संगीत के कार्यक्रम से घर वापस लौटे हैं।चिंता में लेखक के मन में बुरे विचार आते हैं और उनकी सोच समष्टि तक जा पहुँचती है।पिता की चिंता से बेखबर पुत्र बिना कुछ कहे सुने, बिना मिले ही अपने कमरे में चला जाता है। जिस संतान के लिए माता-पिता चिंतित हैं, उनको इस बात की प्रतीति ही नहीं होती है इसीलिए लेखक कहते हैं कि अपनी तरफ से हम किसी को भी अपना मान सकते हैं किन्तु संबंधों में प्रेम विश्वास और प्रगाढ़ता के लिए दूसरे पक्ष के मन में भी संवेदनाओं का होना आवश्यक है।

ग.'दीवार' शब्द से आशय 'भेद-भाव' से है. लेखक परसाई जी को आश्चर्य हुआ थ कि जीवन भर कुछ भी गलत या अधर्म न करने पर भी उनको नर्क मिला जबकि उनका कुत्ता चोरी से भगवान का प्रसाद खाकर भी स्वर्ग में था. तब ईश्वर उनको समझते हैं कि पाप-पुण्य,धर्म-अधर्म, जाति-धर्म, ऊँच-नीच आदि की दीवारें स्वयंम इंसानों की बनाई हुई हैं.मनुष्य इनके नाम पर एक दुसरे को धोखा देता है और नाम ईश्वर का लेता है.

घ. (i) वक्ता नौकर अवधी में बोल रहा है (ii) 'कुछ हुई गवा' से महत्वपूर्ण घटना "स्वतंत्रता की घोषणा" की ओर संकेतित है। पाठ में वक्ता देश के गरीब,निम्न वर्ग, शोषित और दावे कुचले वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है जिसे उच्च वर्ग सदा से शिक्षा और जानकारी से दूर रखता आया है ताकि वे उनको अपना दास बने रख सके।

**(ii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:--** (2X2=4)

क. ब्रज भाषा में,(भ्रमर गीत से)रचित है?(ख)उधो कृष्ण का सन्देश लेखर गोपियों को समझने ब्रज आते है और उनको निर्गुण भक्ति का सन्देश देकर कृष्ण को अपने मन से भुलाने को कहते हैं. प्रसंगानुकूल व्याख्या अपेक्षित है।

ख. कृष्ण खेलने में असमर्थ है क्यों कि ग्वाल वालों के साथ खेलते हुए वे हार गए और खीज के मारे खेलना नहीं चाहते (ii) अंश में कृष्ण के खीजने का भाव निहित है। प्रसंगानुकूल व्याख्या अपेक्षित है।

## *GROUP B*

**3. निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों में लिखिए :--** (5X3=15)

क. लेखक अज्ञेय के हठी स्वाभाव के कारण उनको किन मुश्किलों का सामना करना पड़ा, इसे स्पष्ट करते हुए उनके व्यक्तित्व और जीवन दर्शन की समीक्षा उत्तर में अपेक्षित है.

ख. पाठ में आयें उद्धरणों के माध्यम से लेखक के विचारों और उद्देशों को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

ग. पाठ में आयें उद्धरणों के माध्यम से चरित्र की विशेषताओं को को व्याख्यायित किया जाना चाहिए।

घ. लेखक व निबंध का प्रारंभिक प्रसंग देते हुए सारांश, उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किये जाना चाहिए।

**4. किसी एक खंड के दोनों प्रश्नों के उत्तर दीजिये - (अधिकतम 150 शब्दों में)** (5X2=10)

खंड 'क'

क. बालसौन्दर्य, बाल चेष्टाओं, बाल स्वाभाव और मनोविज्ञान आदि का सहज सरल और स्वाभाविक वर्णन को काव्य की पंक्तियों के साथ व्याख्या अपेक्षित है.

ख. कविता और कवि का नामोल्लेख करते हुए अंश की व्याख्या प्रस्तुत करना।

## *GROUP C*

**5. निम्न प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिये-- (अधिकतम 200 शब्दों में)** (5X1=5)

क. युग का प्रारंभिक परिचय,समय अवधि आदि का परिचय तथा विशेषताओं को उल्लेख करना।

ख. हिंदी भाषा के उद्भव और विकास पर सारगर्भित व तार्किक आलेख अपेक्षित है.

6. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :--** (2X5=10)

क. उपसर्ग पृथक कीजिए -- अ+तिथियों , दूर +निवार

ख. वचन बदलिए -- अनेक रथ, कल्पनाओं

ग. वाक्य प्रयोग द्वारा लिंग निर्धारण कीजिए -- निराशा (स्त्रीलिंग) इरादा (पुल्लिंग)

घ. मूल शब्द और प्रत्यय पृथक कीजिए - भारतीय +ता, मीठा + आस ।

ड. शुद्ध करके लिखिए -

i. सोनारी एक छोटा-सा गांव है.

ii मैं कितनी बार और कितने तरीके से कह चुका हूँ ।

7. **किसी एक विषय पर 350 शब्दों में निबंध लिखो :--** (10X1=10)

विषयों पर निर्धारित शब्द-सीमा में प्रस्तावना, विषय-वस्तु, विस्तार तथा उपसंहार आदि प्रारूप को दृष्टिगत रखते हुए निबंध लिखना । लेखन कार्य का मूल्यांकन भाषा, भाव, और विचारों की उत्कृष्टता, शब्द चयन और प्रस्तुतीकरण के आधार पर किया जायेगा । विषय पर संतुलित, व्यवस्थित, मौलिक विचारों को निर्धारित शब्द सीमा में निबंध के प्रारूप के अनुसार लिखे गए उत्तरों पर विचार किया जायेगा.

***